>

Title: Need to construct a dam on river Yamuna between Kanpur Dehat and Etawah in Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मेरे बुंदेलखंड क्षेत्र में आज सूखे की स्थिति है। बुंदेलखंड के साथ साथ औरैया, कानपुर देहात और फतेहपुर की जो सीमा है, वहां भी सूखे की स्थिति है। वहां किसान सूखे की मार झेल नहीं पा रहे हैं, वहां के जानवर बिना पानी के मर रहे हैं। आज की स्थिति में जिन किसानों ने फसल नहीं बोई थी, उनकी तो दयनीय स्थिति है ही, लेकिन जिन किसानों ने फसल बो दी है, आज उनको समय पर पानी न मिलने से दोहरा नुकसान हो रहा है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि औरैया से कानपुर देहात के बीच मूसानगर और घाटमपुर पड़ता है, यदि वहां यमुना नदी पर यदि एक बांध बना दिया जाए तो निश्चित ही जो बुंदेलखंड का क्षेत्र है और साथ ही साथ फतेहपुर से इलाहाबाद, कानपुर देहात, औरैया और इटावा तक के किसानों को भरपूर पानी मिल सकेगा और जो सूखे की स्थिति बार बार आती है, उससे निपटा जा सकता है।